

## एक नजर में

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मनाया जनकल्याणी पर्व



**सुसनेर,28 मई .** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी सी गुप्ता के मार्गदर्शन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 जयंती के उपलक्ष्य में जनकल्याणी पर्व मनाया. इस पर्व के अंतर्गत लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन और दर्शन विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को देवी अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन एवं उनके अदम्य साहस और शौर्य से प्रेरित करना. इसके पूर्व सहायक प्राध्यापक रमेश जमरा ने लोकमाता के जीवन वृत पर प्रकाश डाला. साथ ही शीतल बंसिया, मोनिका प्रजापत आदि छात्र-छात्राओं ने भी उनके शासनकाल में हुए सामाजिक सुधार, धार्मिक एवं आर्थिक उन्नति के साथ सुव्यवस्थित एवं सुसंगठित शासन करने की बात कही जो हम सबके लिए प्रेरणा और आदर्श के रूप में विद्यमान है. इस अवसर बड़ी संख्या में विद्यार्थी और सहायक प्राध्यापक रामकुमार अंजोरिया, सीमा मुवेल, डॉ. रेखा चंद्रपाल सहित अनिल चौहान, सुधीर तथा अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे.

### पूर्व सैनिक सीताराम परमार का आगर में पूर्व विधायक ने किया सम्मान



**सुसनेर,28 मई .** गत दिवस आगर विधानसभा के पूर्व विधायक लालजी राम मालवीय द्वारा झंडा चौक छावनी में एक शाम भारत माता के नाम तथा भारतीय सैना के सम्मान में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रंगमंची कार्यक्रम का आयोजन किया. जिसमें भारतीय सैनिकों का एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया. उक्त कार्यक्रम में सुसनेर निवासी पूर्व सैनिक सीताराम परमार को भी सम्मानित किया गया. इस आयोजन में अतिथि के रूप में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक मधु गेहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, करण सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश काका गवली, जिला महामंत्री कैलाश कुंभकार, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### वाहनों की चेकिंग में 4 वाहन जब्त, 9000 रूपये शमन शुल्क वसूला

**शाजापुर, 28 मई.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर, अकोदिया व सलसलाई क्षेत्र में स्कूली वाहन, बस, मैजिक, ऑटो एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग की कार्यवाही की गई.

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर, फर्स्ट एड बॉक्स आदि चेक किए गए. इसके साथ ही 04 वाहनों को जप्त किया जाकर पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया एवं 9000 रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई.

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



**शाजापुर, 28 मई.** स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रवि पाण्डे शामिल हुए. इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पाण्डे ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श जीवन पर अपने विचार से सभी को प्रेरित किया. इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि उमेश टेलर ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के कार्यक्रम में आशीष नागर, किरण ठाकुर, अशोक पांचाल, सागर राय, समाजसेवी श्रीमती गायत्री वियजवर्गीय, श्रीमती सीमा शर्मा, आईटीआई प्राचार्य बीके कटारिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. विद्यार्थियों के बीच संपन्न हुई भाषण प्रतियोगिता में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और कार्यो पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम में संस्था के डॉ. रितेश शर्मा, अर्पित सक्सेना, सचिन पाटीदार, दर्पण चौधरी, मनीष शर्मा, शिवम पारस, सुश्री ऋषिबाला धारिया के साथ समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शालिनी सिंह, द्वारा किया गया एवं आभार संस्था प्राचार्य विपुल परमार्थी द्वारा व्यक्त किया गया.

### माहवारी एवं स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**शाजापुर, 28 मई.** महिला एवं बालविकास अधिकारी सुश्री नीलम चौहान के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी एवं स्वच्छता दिवस पर शाजापुर परियोजना में आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 21 में कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू स्तर पर माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन पर वेबिनार में सम्मिलित किया गया. साथ ही स्वास्थ्य विभाग की सहायता से समस्त बालिकाओं एवं महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट करवाया गया. जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री चौहान ने बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता पर चर्चा करते हुए उच्च शिक्षा के प्रेरित किया. इसके साथ ही उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व महिला हेल्पलाइन के बारे में भी बताया. परियोजना अधिकारी सुश्री नेहा चौहान ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया. पर्यवेक्षक श्रीमती प्रिया गोस्वामी द्वारा बालिकाओं को उदिता योजना किशोरावस्था के बारे जानकारी दी. पर्यवेक्षक श्रीमती संगीता यादव द्वारा बालिकाओं व गर्भवती माताओं को हीमोग्लोबिन टेस्ट करवाने के लिए प्रेरित किया गया एवं एनीमिया के बारे में बताया गया. पर्यवेक्षक श्रीमती अमिता माथुर द्वारा पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई. हीमोग्लोबिन टेस्ट श्रीमती अर्चना शर्मा एवं हेमलता यादव द्वारा किया गया. परियोजना अधिकारी मोमन बडोदिया पंकज कुमार दवे ने ग्राम कुमारिया पाल के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर किशोरियों बालिकाओं और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, साफ सफाई का जीवन में महत्व के बारे में बताया और पोषण और एनीमिया पर भी चर्चा की गई. कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बलिका, मातृ सहयोगनी के सदस्य, ब्लाक समन्वयक नरेंद्र गेहलोत एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थी.

# मक्सी में सटोरियों का महाकुंभ शुरू

## शहर में एक दर्जन स्थानों पर अब क्लोज नहीं ओपन चल रहा सट्टा



**शाजापुर/मक्सी, 28 मई. यूं तो सट्टा, जुआं कानून की नजर में अवैध है और जुएं-सट्टे को लेकर समय-समय पर पुलिस मुख्यालय, आईजी, डीआईजी और पुलिस के अधिकारी सट्टा बंद करने की बात करते रहे हैं. जब भी वरिष्ठ अधिकारियों का दौरा होता है, तो वे हर बैठक में सट्टा चालू होने पर कार्यवाही की बात करते हैं, लेकिन मक्सी में लगता है कि किसी भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का खौफ नहीं है. यही कारण है कि मक्सी में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर खुलेआम क्लोज होने वाला खेल ओपन रूप से चल रहा है.**

गौरतलब है कि मक्सी में दोपहर होते ही सट्टे की पर्चियां खुलेआम लिखी जाती हैं. मक्सी पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर ही अकेले बस स्टैंड परिसर में ही माधवराव सिंधिया की मूर्ति के पीछे पांच से अधिक सट्टा लिखा जाता है. ऐसा लग रहा है कि मक्सी में अब सट्टा अवैध नहीं है और पूर्ण रूप से इन्हें संरक्षण दिया जा रहा है. जिस तरीके से मक्सी में सट्टा लिखने के फोटो मिले हैं, उसे देखकर तो ऐसा लग रहा है कि सटोरिये भी पुलिस को अच्छी बलन बांटते हैं.

### मक्सी में इन स्थानों पर खुलेआम चल रहा सट्टा

मक्सी पुलिस की सुस्ती कहें या सटोरियों को संरक्षण. जो सट्टा पहले तीन जगह चलता था, आज एक दर्जन स्थानों पर संचालित हो रहा है. बस स्टैंड के अलावा मिरासी गली, नायक सेरी, भटोड़ चौक, नया बाजार, बल्डी मोहल्ला, नईआबादी सहित अन्य जगहों पर सट्टा खुलेआम चल रहा है. मानो मक्सी में सटोरियों का कुंभ लगा हो.

### जुएं को भी मक्सी में मिली मान्यता...

अभी तक मक्सी में केवल सट्टा खुलेआम चल रहा था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से खुलेआम जुआं भी चल रहा है. जो पुलिस को प्रतिदिन लाखों रुपए जुआं संचालक देते हैं. किसी भी जंगल में बाहर के जुआरियों ने अपना अड्डा जमा कर पुलिस के संरक्षण में जुआं संचालित किया जा रहा है. यहां तक कि शहर में भी कई स्थानों पर जुआं संचालित हो रहा है. जिससे निकलने वाली नाल के पैसे से पुलिस को जबरदस्त आय हो रही है.

# कम लागत में ज्यादा उत्पादन करने पर हुआ मंथन

## कृषि विज्ञान केंद्र गिरवर में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न




**शाजापुर, 28 मई. कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा 33 वी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक ऑफलाइन, ऑनलाईन गूगल मीट द्वारा संपन्न हुई, जिसमें 18 वैज्ञानिक, अधिकारियों, किसानों ने अपनी उपस्थिति ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दर्ज कराई. बैठक में कम लागत में ज्यादा से ज्यादा हो उत्पादन करने, जैविक खेती, खरीफ फसल सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. बैठक के मुख्य अतिथि डॉ. भारत सिंह अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय इंदौर रहे तथा अध्यक्षता डॉ. जीआर अम्बावतिया प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर द्वारा की गई.**

कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश सिंह वैज्ञानिक निदेशक विस्तार सेवाएं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर डॉ. रूपेश खांडेकर प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़, डॉ. आरपी शक्तावत वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र आगर मालवा, डॉ. बी. दुपारे प्रधान वैज्ञानिक सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इंदौर, केएस यादव उपसंचालक कृषि, श्रीमति स्मृति व्यास परियोजना संचालक आत्मा शाजापुर, डॉ. एमके सिंघल उपसंचालक पशुपालन विभाग, मनीष चौहान उपसंचालक उद्यानिकी विभाग शाजापुर, किशोर महाजन मछली पालन विभाग शाजापुर, जयराम चौहान बीज निगम शाजापुर, श्रीमति नीतू चौहान सोलराइड एनजीओ शाजापुर, केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड, डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. मुकेश सिंह, श्री रत्नेष विश्वकर्मा, डॉ. डी के तिवारी एवं निकिता नंद उपस्थित थे. कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसान अजय नरेलिया, श्री मुकेश पाटीदार उपस्थित थे. कार्यक्रम में डॉ. अम्बावतिया द्वारा बैठक के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला एवं खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु केन्द्र द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो की जानकारी दी. डॉ. एसएस धाकड़ ने जिले में केन्द्र के द्वारा कृषकों के आर्थिक विकास हेतु किए जा रहे कार्यो एवं विगत रबी वर्ष 2024-25 मौसम में किए गए कार्यो एंव आगामी खरीफ वर्ष 2025-26 में किए जाने वाले कार्यो की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. गायत्री वर्मा द्वारा किया गया.

### मिट्टी परीक्षण के लिए किसान सजग रहें

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. भारत सिंह द्वारा संमवित कृषि पद्धिति अपनाने, ज्यादा से ज्यादा मिट्टी परीक्षण हेतु कृषकों की सजग किया जाने की बात कही. कृषकों को मृदा स्वास्थय पत्र बनाने, प्राकृतिक खेती के प्रचार प्रसार हेतु कार्य किये जाने को कहा. कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश सिंह द्वारा खरीफ मौसम में कृषको के सुझाव के आधार पर कार्ययोजना में आवश्यक सुधार करने की सलाह दी, साथ ही ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्रो के चुनाव एवं रखरखाव हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने को कहा. उपसंचालक कृषि यादव द्वारा फसल संग्रहालय में मोटे अनाज की किस्मों को अधिक क्षेत्र में लगाने की सलाह दी, जिससे कृषक मोटे अनाज के प्रति जागरूक होकर अपने प्रक्षेत्र पर लगा सकें साथ खरीफ दलहनी फसलों में मूंग आदि का क्षेत्र बढ़ाने की सलाह दी. किसान संघ के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया ने दलहनी फसलों की उन्नत तकनीक की जानकारी एवं जैविक खेती का प्रचार प्रसार करने को कहा.

# आत्मविश्वास के बूते तीसरे से पहले स्थान पर पहुंची हिरल गुप्ता



**शाजापुर, 28 मई. महात्मा गांधी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शाजापुर की कक्षा 10वीं की छात्रा हिरल पिता हर्षेन्द्र गुप्ता ने यह साबित कर दिया कि आत्मविश्वास और सच्चाई के लिए खड़े होने से असंभव भी संभव हो सकता है.**

बचपन से ही टॉपर रही हिरल को तब गहरा झटका लगा, जब 30 अप्रैल 2025 को घोषित आईसीएसई कक्षा 10वीं के परिणामों में हिस्ट्री एंड सिविक्स में केवल 51 अंक दिखाए गए. इससे उसकी रैंक गिरकर तीसरे स्थान पर आ गई, जबकि उसे पूरी उम्मीद थी कि पेपर अच्छा गया है. अपने प्रदर्शन पर पूरा भरोसा होने के कारण हिरल ने उसी दिन पुनर्मूल्यांकन (रिचैकिंग) के लिए आवेदन किया, लेकिन तकनीकी त्रुटि के कारण आवेदन जियोग्राफी विषय के लिए दर्ज हो गया. जब हिरल को इस गलती का पता चला, तो उसने तुरंत स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया. हिरल के विगत प्रदर्शन को देखते हुए प्रधानाचार्य सायमन सर और स्कूल मैनेजर फादर जॉर्ज तोपिल ने तुरंत आवश्यक कार्यवाही करते हुए उच्च अधिकारियों को पुनर्मूल्यांकन के लिए पत्र भेजा.

### 51 से 93 अंक हो गए...

स्कूल के समर्थन और हिरल के आत्मविश्वास का फल आखिरकार मिला. 27 मई 2025 को पुन: जांच के बाद हिस्ट्री एंड सिविक्स में अंक 93 कर दिए गए, जिससे उसकी रैंक जिला शाजापुर में पहले स्थान पर पहुंच गई. हिरल की यह कहानी सिर्फ अंक सुधार की नहीं, बल्कि आत्म विश्वास, सच्चाई के साथ खड़े होने और एक सहायक विद्यालय तंत्र की ताकत की मिसाल है. वह अब न केवल अपने स्कूल की शान है, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है, जो खुद पर विश्वास रखते हैं.

# तिरंगा यात्रा निकालकर शहीद की पत्नी को किया विदा

**शाजापुर, 28 मई. लेह लद्दाख में तैनात फौजी सुरेंद्र गुदारिया मंगलवार को वीरगति को प्राप्त हुए, जिनकी पार्थिव देह बुधवार को इंदौर लाई गई. इधर, दूसरी संतान को जन्म देने अपने मायके बेरछा आई शहीद की पत्नी को जब यह समाचार मिला, तो उन्होंने विलाप करने के बजाए अपने पति की शहादत को नमन किया. इसके बाद नगरवासियों ने उन्हें तिरंगा यात्रा निकालकर इंदौर के लिए सम्मानपूर्वक विदा किया.**

शाजापुर जिले के बेरछा नगर में एक अत्यंत भावुक दृश्य सामने आया. शहीद की पत्नी अनिता बामनिया को नगरवासियों ने गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा यात्रा के माध्यम से इंदौर के लिए विदा किया. यात्रा की शुरुआत अनिता बामनिया के घर से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर चौराहे पर पहुंची. जहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और नगरवासियों ने शहीद सुरेंद्र को नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए. शहीद जवान सुरेंद्र गदारिया मूल रूप से देवास जिले के हाटपिपल्या तहसील के ग्राम बड़िया मांडू के निवासी थे. वे वर्तमान में लद्दाख में तैनात थे और मंगलवार को वीरगति को प्राप्त हुए. उनका विवाह पांच वर्ष पूर्व बेरछा निवासी अनिता बामनिया से हुआ था, जो इस समय अपनी दूसरी संतान के जन्म हेतु अपने मायके में आई थी. वे अपने चार वर्षीय पुत्र रुद्र के साथ परिवार में रह रही हैं. बुधवार शाम जब शहीद का पार्थिव शरीर इंदौर लाया गया, तो उससे पूर्व नगरवासियों ने अनिता बामनिया को जय हिंद के नारों के साथ विदा किया.

### बेरछा रेलवे स्टेशन पर मिला घायल किन्नर, अस्पताल में हुई मौत

**शाजापुर, 28 मई.** बेरछा रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर एक किन्नर घायल अवस्था में मिला. स्थानीय लोगों और शुजालपुर से आए किन्नरों की मदद से उसे तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. मृतक किन्नर की पहचान अभी नहीं हो पाई है. शुजालपुर की किन्नर वर्षा ने बताया कि वे बेरछा स्टेशन पर मौजूद थी, लेकिन मृतक किन्नर के बारे में उन्हें कुछ नहीं पता. यह भी पता नहीं चल पाया है कि वह कहां से आया था और कहां जा रहा था. जिला अस्पताल के डॉ. दीपक पाटीदार के अनुसार किन्नर को मृत अवस्था में लाया गया था. शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय शवगृह में रखा गया है. कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीएम किया जाएगा.

# जाखली में संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणो ने ली जल संरक्षण की शपथ




**सुसनेर, 28 मई. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बुधवार को चयनित आदर्श गांव जाखली में संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया. यहां पर बच्चों की साथ बैठक भी सम्पन्न हुई. सभी से परिचय किया गया तथा जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी के निर्देशानुसार बाल पंचायत का गठन भी किया गया.**

पहले दिन बच्चों को मनोंरजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल भी खिलाए गए, साथ ही प्राथमिक शिक्षा को लेकर भी चर्चा की गई. तत्पश्चात मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत ग्रामीणजनो ने जल संरक्षण की शपथ ली. इस अवसर पर परामर्शदाता राकेश बिकुन्दीया, मुकेश पटेल, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी शुभम जैन, प्रांशी पांडे, अर्पिता शर्मा, माया पुष्पद, ज्योति माली, संतोष जादमे एवं नवांकुत तथा नगर विकास प्रस्फूटन समिति के प्रतिनिधि मौजूद रहे. आपको बात दे की मध्यप्रदेश जन अभियार परिषद द्वारा पूरे प्रदेश के साथ ही सुसनेर विकासखंड में भी कुछ ग्रामों को आदर्श बनाने के लिए चयनित किया गया. इसके तहत जाखली को आदर्श बनाने के लिए जन अभियान परिषद के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधिया संचालित की जा रही है. पूर्व में यहां पर दीवार लेखन, साफ सफाई, श्रमदान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है. आगामी दिनो में यहां पर वाचनालय के साथ ही गांव के बाहर सड़क किनारे गांव के नाम का बोर्ड लगाने के साथ ही पौधो के लिए नर्सरी एवं जन सुविधा केन्द्र का जल्द शुभारंभ होगा.

## एक नजर में

### ई-प्रवेश रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन कार्य सुचारू रूप से करने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन

# ई-प्रवेश प्रक्रिया में कियोस्क सेंटरों की भूमिका अहम : डॉ. बोड़ाने



**शाजापुर, 28 मई. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश हेतु लॉन्च नवीन पोर्टल पर त्रुटि रहित रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन का कार्य करने हेतु प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में शहर के कियोस्क संचालकों एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया.**

उक्त प्रशिक्षण प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने, विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र द्वारा पॉवर प्वॉइंट प्रेंटेशन एवं लाईव पोर्टल के माध्यम से दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की संपूर्ण प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई. डॉ. बोडाने ने बताया कि जिन आवेदकों का रजिस्ट्रेशन के दौरान डाटा मैच होता है, उनका सत्यापन पोर्टल से स्वत: ही हो जाता है, लेकिन डाटा मिस मैच होने पर सत्यापन हेतु फॉर्म हेल्प सेंटर पर आता है. इसलिए कियोस्क संचालकों को त्रुटिरहित रजिस्ट्रेशन करने की सलाह दी है. वहीं महाविद्यालयीन सत्यापन अधिकारियों को भी सत्यापन कार्य संबंधी समस्त जानकारी दी गई.

### सत्यापन के पहले कैंसिल करा सकेंगे फॉर्म...

वहीं रजिस्ट्रेशन फॉर्म कैंसल करने की सुविधा भी विद्यार्थियों को इस बार उपलब्ध कराई गई है, लेकिन यह सिर्फ सत्यापन से पहले ही संभव होगा. प्राचार्य डॉ. बीएस विभूति ने संबोधित करते हुए कहा कि कियोस्क संचालक एवं स्टाफ, विभाग के निर्देशानुसार रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन करें, ताकि छात्रों को बार-बार हेल्प सेंटर न आना पड़े और प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से पूर्ण हो सके. प्रशिक्षण के दौरान कियोस्क संचालक एवं महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा.

### विद्यार्थी भी सुधार सकते हैं गलतियां...

जिला प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने बताया कि इस बार रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में कुछ नए बदलाव के साथ-साथ सत्यापन प्रक्रिया में बदलाव एवं नए ऑप्शन जोड़े गए हैं. सत्यापन अधिकारी अब विद्यार्थियों के फॉर्म में दर्ज त्रुटियों में से अधिकांश जानकारियों में स्वयं सुधार कर सकते हैं. उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार त्रुटि सुधार एवं सत्यापन से जुड़ी जानकारियों का रजिस्टर संधारित करने के निर्देश भी सत्यापन अधिकारियों को दिए गए. इसके साथ ही ट्रैक स्टेटस की सुविधा दी गई है, जिसके माध्यम से सत्यापन अधिकारी विद्यार्थी के आवेदन फॉर्म की वर्तमान स्थिति क्या है जान पाएंगे एवं समस्या का त्वरित निराकरण कर सकेंगे.

### खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के खिलाडियों के लिए चयन ट्रायल संपन्न

**शाजापुर, 28 मई.** भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा शाजापुर जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग शाजापुर के आधिपत्य के मलखंब खेल प्रशिक्षण केन्द्र को खेलो इण्डिया स्मॉल सेंटर की स्वीकृती प्रदान की गई. जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि 20 बालकों एवं 20 बालिकाओं को प्रतिदिन मलखंब खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण केन्द्र पर अंडर 18 वर्ष आयु वर्ग की रिक्त सीट के लिए मलखंब का ट्रायल 26 मई को शाम 4 बजे फीडर सेंटर के प्रशिक्षक मुजाहिद बेग के नेतृत्व में आयोजित किया. ट्रायल में 08 बालिकाओं एवं 05 बालकों का चयन खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के लिए हुआ. उपरोक्त खिलाडियों को स्मॉल सेंटर पर प्राप्त होने वाली सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा.